## Hindi Edition

WELLINGTON REGION
EMERGENCY MANAGEMENT

# आपकी भूकम्प योजना गाईड




## इसे उठाएं और अब तैयार हो जाएं

## अभी

## 1.आपातकालीन स्थिति में सूचित कैसे रहें

आपातकाल के दौरान सूचित रहने के कई तरीके हैं — जैसे रेडियो, न्यूज़ मीडिया, टीवी, WREMO और स्थानीय काउंसिल के चैनल, तथा आपातकालीन मोबाइल अलर्ट।

आपातकालीन मोबाइल अलर्ट केवल तभी भेजे जाते हैं जब जीवन को खतरा हो या वेलिंगटन क्षेत्र के पूरे या किसी हिस्से पर गंभीर असर पड़ने की संभावना हो।

**प्राकृतिक चेतावनी संकेत पहचानें:**

यदि आप सूनामी क्षेत्र में हैं और लंबा या तेज़ भूकंप महसूस करें, तो झटके रुकते ही तुरंत ऊँचाई वाले स्थान या जितना संभव हो सके भीतर की ओर सुरक्षित जगह की ओर चले जाएँ।

**अन्य महत्वपूर्ण सूचना स्रोत:**

- WREMO की आपातकालीन वेबसाइट देखें: www.wremo.nz
- WREMO का Facebook पेज लाइक करें: facebook.com/WREMOnz
- अपनी स्थानीय काउंसिल की वेबसाइट और उनके सोशल मीडिया चैनल देखें
- रेडियो न्यूज़ीलैंड और स्थानीय रेडियो स्टेशनों को सुनें

# बहुत अच्छे ! आपने सुरक्षित रहने के लिए पहला कदम उठा लिया है।

वैलिंगटन क्षेत्र रहने के लिए एक बहुत ही शानदार जगह है, पर यह थोड़ा जंगली भी है।

हम अक्सर भूकम्प, तूफान, बाढ़ और भूस्खलन का अनुभव करते हैं, साथ ही हमें सुनामी से भी खतरा हो सकता है।

इन आपातकालीन स्थितियों का प्रभाव एक समान तरह का होता है। समुदाय में इधर-उधर निकलने, प्रियजनों के साथ संपर्क बनाने और जरूरी चीजें प्राप्त करने में मुश्किल हो सकती है।

हमने उन चीजों की रूपरेखा दी है जो आप अपने घर-परिवार और समुदाय को एक बड़े भूकम्प के बाद के चुनौती भरे दिनों का सुरक्षित रूप से सामना करने और उन्हें जितना संभव हो सके उतना आरामदायक बनाने में तैयार करने के लिए कर सकते हैं।

अलर्ट (चेतावनी) के लिए साइन अप करके आपने अब पहला कदम पूरा कर लिया है!

अब इस पर ध्यान दें कि आप आज, रात को और आगे आने वाले एक-दो सप्ताहांत के दौरान क्या कर सकते हैं ताकि आपका घर-परिवार पूरी तरह से तैयार हो सके। हर कदम का प्रयास करना निश्चित रूप से ध्यान देने लायक है। अगर आप कोई प्रश्न पूछना चाहते हैं तो कृपया हमें संपर्क करें।

*WREMO* टीम की तरफ से (जो कि वैलिंगटन रीजन एमरजेंसी मैनेजमेंट ऑफिस या वैलिंगटन क्षेत्र आपातकालीन प्रबंधन कार्यालय है)

# शामिल हों

## मुफ्त आपातकालीन तैयारी कोर्स

यह जानें कि एक बड़े भूकम्प के बाद अपने घर और समुदाय को तैयार करने, उसका सामना करने, और उससे उबरने में उनकी कैसे मदद की जाए। आप अपने समुदाय को बेहतर सूचित करने, तैयार करने और एक- दूसरे के साथ सम्पर्क बनाए रखने में मदद करेंगे।

हमारे कोर्सों में से एक के लिए रजिस्टर करें:
**getprepared.nz/ Courses**

आप भी अपने समुदाय को तैयार करने और जवाब देने यानि कि सामना करने में मदद करने के लिए एक WREMO स्वयंसेवक बन सकते हैं:
**getprepared.nz/Volunteer**

## फ्री बिजनेस कॉन्टीन्युटी वर्कशॉप्स (मुफ्त व्यापार निरंतरता कार्यशालाएं)

अगर आप कोई व्यवसाय करते हैं या कोई सामुदायिक संगठन चलाते हैं, तो किसी भी बाधा के बाद चाहे वह कितनी ही बड़ा या छोटी क्यों न हो, आप उसे चालू रखना चाहेंगे।

आपके ग्राहक और कर्मचारी आप पर भरोसा करते हैं। हमारी वर्कशॉप (कार्यशाला) आप और आपके कर्मचारियों को काम-काज को जारी रखने के लिए तैयारी करने और तनाव के समय में अपने व्यापार के लिए बेहतर निर्णय लेने के लिए तैयार होने में मदद करेगी।

इसमें भाग लेने वाले लोग व्यापार निरंतरता योजना की मूल बातों की जानकारी के साथ वापिस जाते हैं और अपनी एक अनूठी योजना की शुरुआत करते हैं। हम वैलिंगटन क्षेत्र भर में दो घंटे की वर्कशॉप (कार्यशालाएं) प्रस्तुत करते हैं।

**getprepared.nz/ Businesses**

## कम्युनिटी रिसपोंस प्लान (सामुदायिक प्रतिक्रिया योजनाएं)

आप जैसे लोग अपनी कम्युनिटी के रिसपोंस प्लॉन (समुदाय की प्रतिक्रिया योजना) में योगदान दे रहे हैं। पता लगाएं कि कौन सी योजना बन रही है और आप उसमें कैसे योगदान दे सकते हैं। आपके पास अपने समुदाय के बारे में बहुमूल्य जानकारी है जो ऐसी हालत में मदद करेगी।

**getprepared.nz/ ResponsePlan**

## हमसे संपर्क करें

**wremo@gw.govt.nz**

**04 830 4279**

**facebook.com/WREMOnz**

# अपने लोकल कम्युनिटी एमरजेंसी (स्थानीय सामुदायिक आपातकालीन) हब का पता लगाएँ

कम्युनिटी एमरजेंसी हब (सामुदायिक आपातकालीन केंद्र) आपके समुदाय के लिए इकट्ठा होने की जगह होते हैं। हब को पहले सिविल डिफेंस सैंटर कहा जाता था- लेकिन हमने उनके उद्देश्य को बेहतर ढंग से दर्शाने के लिए उनका नाम बदल दिया है।

एक बड़े भूकंप के बाद, आप जैसे स्थानीय लोगों को अपने स्थानीय हब में इकट्ठा होना चाहिए ताकि आप उपलब्ध कौशल और संसाधनों का उपयोग करके अपने समुदाय की प्रतिक्रिया को कोओरडिनेट (संयोजन) कर सकें।

हमारी वेबसाइट **getprepared.nz/Hubs** पर अपने निकटतम हब का पता लगाएं

हब में एक बुनियादी स्टार्ट-अप किट होती है जिसमें स्टेशनरी, एक **AM/FM** रेडियो, नक्शे, और एक दो-तरफ़ा सिविल डिफेंस रेडियो शामिल होते हैं जिससे आप अपनी स्थानीय काउंसिल के एमरजेंसी ऑपरेशन्स सैंटर (आपातकालीन प्रचालन केंद्र) के साथ संचार या बातचीत कर सकते हैं हब में एमरजेंसी आपूर्ति के कोई अतिरिक्त स्टॉक (भंडार) नहीं होते।




**हम तैयार है!**

हम जानते हैं कि हमारा स्थानीय हब कहां है और हम अपने समुदाय की कैसे मदद कर सकते हैं ।

# 2. ड्रॉप (झुक जाएं), कवर (नीचे छिपें) और होल्ड (किसी चीज को पकड़े रहें) का अभ्यास करें

अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञ जानते हैं कि भूकंप के दौरान अगर आप ड्रॉप, कवर और होल्ड कर सकते हैं तो आप स्वयं को चोट की लगने की संभावना को कम कर सकते हैं।

भूकंप के दौरान ज्यादातर चोटें इमारतों के ढहने की बजाय फर्नीचर, गहनों और इमारतों  की साज-समान की चीजों, जैसे कि छत की टाइल्स से लगती हैं।

**भूकंप के दौरान:**

**घर के अंदर**- झटकों के बंद होने तक और जब तक भूकम्प रुक नहीं जाता और बाहर निकलना सुरक्षित न हो, तब तक भीतर रहें। सावधानी के साथ इमारत को छोड़ें और गिरती हुई चीजों पर नजर रखें।

**एक ऊंची इमारत में** –ऊपर दी गई सलाह की तरह ही, आग लगने के अलार्म के बजते ही बाहर की तरफ मत भागें।


**बाहर या खुले मैदान में** – इमारतों, पेड़ों और बिजली के तारों से दूर हट जाएं, फिर झटकों के बंद होने तक ड्रॉप, कवर और होल्ड का पालन करें।

**शहर की एक व्यस्त सड़क पर या गली में** -फुटपाथ पर मत रुकें क्योंकि आप पर आसपास की इमारतों से चीजें गिर सकती हैं।

अगर आप ड्रॉप, कवर और होल्ड (झुकने, अपने आप को ढकने और किसी मजबूत चीज को पकड़ कर रखने) करने की हालत में नहीं हैं, तो अपने आप को जितना हो सके उतनी अच्छी तरह से पकड़ कर या संभाल कर रखें, और अपने सिर और गर्दन को बचा कर रखने का तरीका खोजने की कोशिश करें।



# 3. अपने सुनामी जोन को जानें



अगर आप भूकंप के दौरान तट के आसपास हैं और झटके लम्बे समय तक रहते हैं या काफी मजबूत हैं, तो उसी समय वहां से चले जाएं।

एक स्थानीय भूकंप में, आपको सुनामी की चेतावनी केवल भूकंप के रूप में ही मिलेगी।

सुनामी पानी की वो तरंगें होती हैं जिनका आना कई घंटों तक जारी रह सकता है। हो सकता है पहली लहर बहुत बड़ी या ऊंची न हो। तुरंत उस जगह को छोड़ कर सुरक्षित जगह पर जाएं और सुनामी की नीली लाइनों (रेखाओं) को पार करके आगे जाएं।

पड़ोसियों के साथ इस बारे में बात करें कि हर कोई सुरक्षित जगह पर कैसे जा सकता है - कुछ लोगों को अतिरिक्त सहायता की जरूरत हो सकती है।

इसका पता लगाएं कि आप जिन जगहों में रहते हैं, काम करते हैं, या खेलने के लिए जाते हैं, कहीं वे सुनामी ज़ोन में तो नहीं हैं और सुरक्षित होने के लिए कहां जाने की जरूरत है।

getprepared.nz/TsunamiZone

सुनामी घटना के बाद तट के पास जाने या पानी में जाने से पहले ऑल क्लीयर (सब ठीक है) के संकेत का इंतजार करें।



10 MIN

पहली लहर आने में 10 मिनट से भी कम का समय लग सकता है, इसलिए हो सकता है कि सायरन जैसी सरकारी चेतावनी के लिए समय न हो। हम केवल दक्षिण अमेरिका जैसी दूर की जगहों से शुरू होने वाली सुनामी के लिए चेतावनियां भेजते हैं।

# 4. एक घरेलू या पारिवारिक योजना बनाएं

एक बड़े भूकंप के बाद, हो सकता है कि आप अपने फोन का उपयोग न कर सकें और न ही ईमेल या सोशल मीडिया का इस्तेमाल कर सकें। संपर्क न किए जा सकने की स्थिति के लिए आप अभी से योजना बनाएं।

## अपने बच्चों को सुरक्षित रखें

स्कूल में आपके बच्चों को सुरक्षित रखने की योजना होती है।

स्कूल में आपके बच्चों को सुरक्षित रखने की योजना होती है।:
**getprepared.nz/schools**

अपने बच्चों को स्कूल से लाने के लिए स्कूल के नज़दीक ही (पैदल चलने की दूरी के भीतर) कम से कम तीन मित्रों या परिवार के सदस्यों का इंतजाम करें। उनके नाम अपने स्कूल में लिखवा दें।

अपने बच्चों से इस बारे में बात करें कि वे क्या कर उम्मीद कर सकते हैं और आपके वहां न पहुंच सकने की हालत में उन्हें स्कूल से कौन लेकर जा सकता है।

## मिलने की एक सुरक्षित जगह (मीटिंग प्लेस) के बारे में सहमत हों

एक ऐसी जगह का फैसला करें जहां आप एक दूसरे को ढूंढने के लिए जाएंगे, और जरूरत होने पर अपने मित्रों या परिवार के साथ रहने का प्रबन्ध करें।

## घर और घर के सामान के बीमे को सुलझाएं

ज्यादातर लोग सही राशि या पूरी राशि का बीमा नहीं कराते यानि कि अंडर इंश्योर्ड होते हैं। यह सुनिश्चित करें कि आपने अपने घर और संपत्ति का बीमा सही राशि के लिए किया है। इस बारें में बातचीत के लिए अपनी बीमा कंपनी से संपर्क करें ।



## घर और काम के लिए एक ग्रैब बैग (तुरन्त उठा कर चल देने वाला बैग) तैयार करके रखें

हो सकता है कि आपको जल्दी में घर छोड़ना पड़े या काम से घर पहुंचने के लिए लम्बी दूरी तक चलना पड़े। इस बारे में सोचें कि आपको किन चीजों की जरूरत हो सकती है, और एक जल्दी में उठा कर साथ ले जाने वाला बैग तैयार करके रखें जिसमें जरूरत की वो सारी चीजें हो जो अगले कुछ घंटों या दिनों के लिए आपके काम आ सकें। ऐसा आप खुद कर सकते हैं और ऐसा बैग तैयार करके रखना ज्यादा मंहगा नहीं है।.

getprepared.nz/GrabBag

## सुविधाएं

नुकसान पहुंची हुई या टूटी-फूटी सुविधाएं खतरनाक हो सकती हैं और आपको अपने घर में ही रुके रहने से रोक सकती हैं।

अपने गैस के मेन (मुख्य) वॉल्व (अगर आपके यहां गैस है), बिजली के मुख्य स्विच, पानी की टोबी का पता लगाएं और उन्हें बन्द करना सीख लें। उन पर स्पष्ट रूप से निशान लगा दें ताकि आप जल्दी से उन्हें ढूंढ सकें।



# 5. अपने घर को सुरक्षित बनाएं

पानी के हैडर टैंकों को सुरक्षित करें

जांच करें कि ईंट की चिमनियां ठीक से सुरक्षित हैं। अगर आप अपनी चिमनी का उपयोग नहीं करते हैं, तो उसे हटा दें।

अपनी छत में किसी भी सड़े-गले या गायब खंभों और शहतीरों को बदल दें


अपने घर को सुरक्षित बनाने से भूकंप के दौरान नुकसान होने की संभावना कम हो जाती है और आप अपने घर में ही रह पायेंगे, भले ही वह कुछ बिखरा हुआ क्यों न हो।

इस बात की जांच कर लें कि छत, दीवारें, फर्नीचर और नींव सुरक्षित हैं।

अगर आपको मदद की जरूरत है, तो अपने घर की जांच एक पेशेवर बिल्डर से करवाएं। **getprepared.nz/SafeHomes**

## अगर आप किराए पर रह रहे हैं

यह आपके मकान मालिक के हित में है कि भूकंप के बाद भी आपका घर निवास करने योग्य है, अत: इस गाइड का उपयोग करते हुए अपने घर को सुरक्षित बनाने के बारे में उनके साथ बात करें।



# 6. पानी का संग्रहण करें (जमा करें)

एक बड़े भूकंप के बाद, पानी नल से बाहर नहीं आयेगा, इसलिए आपके पास एक एमरजेंसी पानी की सप्लाई (आपूर्ति) का होना जरूरी है। आप जितना ज्यादा पानी जमा कर कर सकते हैं, उतना बेहतर है। आपके पास अपने सारे घर-परिवार के लिए एक सप्ताह के लिए पर्याप्त पानी होना जरूरी है।


इस सप्ताहांत में एक २०० लीटर (या अगर आप ऐसा कर सकते हैं तो उससे बड़ी!) पानी की टंकी खरीदें, ताकि आपात स्थिति के दौरान आपके पास भरपूर पानी हो सके। ये टंकियां सस्ती हैं और आप खुद उन्हें आसानी से स्थापित कर सकते हैं। इसे सुरक्षित करें और नल के स्वच्छ पानी से भरें।

getprepared.nz/W


अगर आपको पानी की टंकी ना मिल सके, तो बिल्कुल भी न होने से बेहतर है कि कम से कम कुछ पानी को जमा कर लिया जाए!

प्लास्टिक की पीने की बड़ी बोतलों का उपयोग करें। दूध की पुरानी बोतलों का उपयोग मत करें क्योंकि दूध की ट्रेस मात्रा पानी को दूषित कर सकती है।

प्रत्येक कंटेनर (डिब्बे या बोतल) को नल के पानी से तब तक भरें जब तक कि वह बाहर न बहने लग जाए। ढक्कन को कसकर लगा दें और एक ठंडी, अंधेरी जगह पर रखें। बोतलों को हर 12 महीने बाद साफ करें और फिर से भर दें।




जो कुछ भी अंदर जाता है उसका बाहर आना जरूरी है। पता लगाएं कि जब आप अपने शौचालय को फ्लश नहीं कर सकते तो ऐसी हालत में मल की क्या व्यवस्था की जाए getprepared.nz/Toilets



# 7. अपने पड़ोसियों से मुलाकात करें

ज्यादातर लोगों को उस समय वहां मौजूद लोगों द्वारा बचाया जाता है। सहायता के लिए आपके पड़ोसी आपके सबसे नजदीकी सहायक होते हैं।

इस सप्ताहांत अपनी गली में कुछ लोगों के साथ सम्पर्क बनाएं, ताकि आपात स्थिति में आप:

- यह सुनिश्चित कर सकें कि हर कोई सुरक्षित है और उनकी देखभाल की जा रही है, खास तौर पर जिन्हें अतिरिक्त मदद की जरूरत हो
- एक दूसरे की मदद करने के लिए संसाधनों और कौशल का साझा करें
- बाद के दिनों में एक दूसरे की मदद करें।

getprepared.nz/Neighbours

इससे भी बेहतर [ऐसा करके], आप साल के हर दिन एक दोस्ताना, अधिक लचीला समुदाय बनाने में मदद करेंगे।

एक सादी सी मुस्कान और परिचय के साथ इसकी शुरुआत करें। पहला कदम हमेशा सबसे कठिन होता है! फिर आप सुझाव दे सकते हैं कि आपात स्थिति की हालत में आप में से कुछ लोग एक दूसरे के सम्पर्क के ब्यौरे की अदला-बदली करें। यह बातचीत करने की एक अच्छी शुरूआत है।

आप अपनी गली में एक नेबरहुड सपोर्ट ग्रुप (पड़ोस सहायता समूह) शुरू कर सकते हैं या स्थानीय टाइमबैंक में शामिल हो सकते हैं।

एक-दो सप्ताह में अपने कुछ पड़ोसियों के साथ एक कैच-अप, BBQ या वर्किंग बी का आयोजन करें।



# 8. घर में कैंप लगाने (डेरा डालने) का प्रयास करें

आपका घर पहले से ही रोज़मर्रा की चीजों के रूप में छिपी आपातकालीन चीजों से भरा पड़ा है!

आपके बिस्तर के कम्बल, आपकी अलमारी के कपड़े, और रसोई घर की चीजें, ये सभी ऐसी चीजें हैं जिनका आप आपात स्थितियों में उपयोग कर सकते हैं।

- अगर आपके घर में शिशु, छोटे बच्चे और पालतू जानवर हैं तो उनकी जरूरत के सामान को अपने पास रखें।
- अपनी दवाओं की एक सूची बना कर रखें और सुनिश्चित करें कि वह आपके पास पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है।

अपनी और अपने परिवार की देखभाल करके, आप आपातकालीन सेवाओं की भी मदद करेंगे जिससे वे अपने सीमित संसाधनों से उन लोगों पर ध्यान दे सकेंगे जिन्हें उनकी मदद की सबसे ज्यादा जरूरत होगी।




1 2 3 4 5 6 7 हम तैयार हैं! ✓ हमारे पास एक सप्ताह के लिए आपात स्थिति में जरूरत का पर्याप्त सामान है



## जब आप getprepared.nz वेबसाइट पर हों तो:

1. अपने क्षेत्र के कम्युनिटी रिसपोंस प्लान (सामुदायिक प्रतिक्रिया योजना) की जांच करने के लिए अपने स्थानीय हब के ऊपर दिए गए लिंक पर जाएं।
2. आप जिन इलाकों में निवास करते हैं, जहां आप काम करते और खेलते हैं, वे इलाके सुनामी निकासी ज़ोन (क्षेत्र) में हैं या नहीं यह जानने के लिए सुनामी इवाक्यूवेशन ज़ोन मैप (सुनामी निकासी क्षेत्र नक्शे) को देखें।
3. **www.wremo.nz** वेबसाइट को देखें। आपातकाल में आपको विश्वसनीय जानकारी यहां से प्राप्त होगी।

रसोई की कैबनिट (अलमारी) के अंदर की ओर टेप से चपिका दें

# हम तैयार हैं!

घर- परिवार के लोगों के मिलने की जगह

हमारे पड़ोसियों के संपर्क विवरण हैं:

हमारा कम्युनिटी एमरजेंसी (सामुदायिक आपातकालीन) हब है:

जो लोग हमारे बच्चों को ले कर आ सकते हैं उनका संपर्क विवरण है:

हमारी यूटीलिटीज़ (उपयोगिताएं) यहां स्थित हैं:

पानी:

बिजली:

गैस:

आपातकालीन तैयारी की जानकारी के लिए www.getprepared.nz वेबसाइट पर जाएं

# भूकंप के बाद:

### सुनामी का खतरा है?

- पैदल या साइकिल से जल्दी सुरक्षित जगह पर पहुंचे – भीतर की ओर या ऊँचाई पर जाएं। गाड़ी न चलाएं।
- निकटतम सुरक्षित क्षेत्र या सुनामी ब्लू (नीली) लाइनों को पार करके जाने के लिए किसी भी सुनामी नीले तीरों और निकासी मार्ग के संकेतों का पालन करें। आप के पीछे निकासी करने वाले दूसरे लोगों के लिए जगह बनाने के लिए आगे बढ़ते रहना जारी रखें।

### दूसरों के साथ कनेक्ट हों (सम्पर्क बनाएं)

- घर पहुंचने की कोशिश करने से पहले अपनी चुनी हुई सुरक्षित जगह पर मिलें।
- अगर आप ऐसा कर सकते हैं तो अपने सोशल मीडिया स्टेटस और वाईस मेल संदेश को अपडेट करके लोगों को सूचित करें कि आप सुरक्षित हैं।
- नेटवर्क पर लोड कम करने के लिए टैक्स्ट करें, फोन मत करें।

### अपने बच्चों को ले कर आएं

- सुनिश्चित करें कि हर कोई जानता है कि क्या योजना है। जब आपके बच्चे किसी और जगह सुरक्षित हैं तो स्कूल जाकर अपने आप को खतरे में मत डालें! जब ऐसा करना सुरक्षित हो तो उन्हें ले कर आएं।

### अपने घर को सुरक्षित बनाएं

- विस्फोट रोकने के लिए गैस को केवल तभी बंद करें जब आपको गैस लीक होने की आवाज सुनाई दे या गन्ध आए।
- अगर बिजली चली जाए, या आपके लिए निकास करना जरूरी हो तो, बिजली को बन्द कर दें। हो सकता है वहां क्षतिग्रस्त बिजली के तार हों जो आपको दिखाई न दे रहे हों।
- पानी को बंद कर दें, खासकर अगर आपको लगता है कि पाइपों को नुकसान हुआ है। लीक करता या टपकता हुआ पानी आपके घर को नुकसान पहुंचा सकता है।

### जल एवं स्वच्छता

- प्रयोग करने से पहले अनुपचारित (बिना ट्रीट किए) पानी को एक मिनट तक उबालें, या 10 लीटर पानी में बिना खुशबू वाले सादे घरेलू ब्लीच की ½ चाय की चम्मच डालें। पीने से पहले उसे 30 मिनट के लिए रखा रहने दें।
- शौचालय को फ्लश न करें। अगर हो सके तो अपने कचरे के लिए एक गढ़ा खोदें। स्वच्छ रहें।

### अपने पड़ोसियों की जांच करें

- कोई भी व्यक्ति जो अकेला रहता है, जिन्हें चलने-फिरने में मुश्किल है, या अतिरिक्त मदद की जरूरत हो सकती है, उनकी देखभाल करें।
- अपने कौशल और संसाधनों का साझा करके एक दूसरे की सहायता करें।

### अपने लोकल कम्युनिटी एमरजेंसी (स्थानीय सामुदायिक आपातकालीन) हब पर जाएं

- अगर आपको सहायता की जरूरत है
- अगर आप संसाधन और कौशल का साझा करके सहायता प्रदान कर सकते हैं
- आपके पड़ोस में क्या हुआ है इस बारे में जानकारी इकट्ठा करने और साझा करने के लिए
- स्थानीय रूप से अपने समुदाय की प्रतिक्रिया का समन्वय करने के लिए और अपनी काउंसिल के आपातकालीन संचालन केंद्र को सूचना देने के लिए

आपातकालीन जानकारी के लिए www.wremo.nz वेबसाइट पर जाएं या रेडियो को सुनें।